Bharat Temples

हम बच्चों पे हे मैया है तेरा उपकार

(तर्ज: ल्याया थारी चुनड़ी....)

हम बच्चों पे हे मैया, है तेरा उपकार,
तू हर पल रक्षा करती, में पाता रहूं तेरा प्यार,

तूँ ही दुर्गा तूँ ही भवानी तूँ काली जगदम्बे है,
तूँ ही शेरांवाली मैया और तूँ ही तो अम्बे है,
दुष्टों का नास करे तूँ, रहती हरदम तैयार

अपने बच्चों की खातिर तूँ क्या से क्या कर जाती है,
इसीलिए हे मेरी मैया कुलदेवी कहलाती है,
तूँ कुल की लाज बचावे, तेरी महिमा अपरम्पार

सिंह सवारी करने वाली तेरी महिमा न्यारी है,
जगह जगह पे मंदिर तेरे भवन बने अति भारी है,
घर-घर में पूजा होती, और पूजे है संसार

तेरे दर जो आया मैया वो खाली ना जायेगा,
'देवकीनंदन' माँ तेरे आँचल की छैंया पायेगा,
म्हें धोक लगावां देवी, थे कर लीज्यो स्वीकार

Source:
https://www.bharattemples.com/hum-bacho-pe-he-maiyan-hai-tera-upkaar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw